# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2023

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

## (ANNUAL / वार्षिक)

## ECONOMICS / अर्थशास्त्र

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश-

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है- खण्ड 'अ' एवं खण्ड- 'ब'

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए । अंक निर्धारित है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर दें।

1. ऐसी वस्तुएँ जिनका एक-दूसरे के बदले प्रयोग किया जाता है, कहलाती है।

(a) पूरक वस्तुएँ

(b) स्थानापन्न वस्तुएँ

(c) आरामदायक वस्तुएँ

(d) विलासिता वस्तुएँ

2. माँग वक्र की ढाल सामान्यतः होती है।

(a) बायें से दायें ऊपर की ओर

(b) बायें से दायें नीचे की ओर

(c) x-अक्ष के समान्तर

(d) x-अक्ष पर लम्बवत

3. माँग का संकुचन तब होता है जब

(a) कीमत बढ़ती है और माँग घटती है

(b) कीमत बढ़ती है और माँग भी बढ़ती है

(c) कीमत स्थिर रहती है और माँग घटती है

(d) कीमत घटती है लेकिन माँग स्थिर रहती है

BiharboardQuestionpaper.com

4. राष्ट्रीय आय की गणना में निम्नलिखित में से किसे सम्मिलित किया जाता है ?

(a) नई अंतिम वस्तुएँ एवं सेवाएँ

(b) मध्यवर्ती वस्तुएँ

(c) पुरानी वस्तुओं का क्रय-विक्रय

(d) हस्तांतरण भुगतान

5. GNP अवस्फीतिक क्या है ?

(a) GNP अवस्फीतिक = $\frac{\text{नकद GNP}}{\text{वास्तविक GNP}} \times 100$

(b) GNP अवस्फीतिक = $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{नकद GNP}} \times 100$

(c) GNP अवस्फीतिक = $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{नकद GNP}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

6. मूल्य वृद्धि से गिफिन वस्तुओं की माँग

(a) बढ़ जाती है

(b) घट जाती है

(c) स्थिर रहती है

(d) अस्थिर हो जाती है

7. आयताकार अतिपरवलयाकार माँग वक्र निम्न में से क्या दिखाता है ?

(a) पूर्ण बेलोचदार माँग

(b) पूर्ण लोचदार माँग

(c) इकाई माँग लोच

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

8. आवश्यक वस्तुओं की माँग की लोच होती है।

(a) शून्य

(b) इकाई से अधिक

(c) असीमित

(d) इकाई से कम

9. माँग की लोच कितने प्रकार की होती है ?

(a) सात

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

10. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) आवश्यक वस्तु की माँग की लोच शून्य होती है

(b) माँग की लोच गुणात्मक कथन है।

(c) मांग की लोच मापने के लिए प्रतिशत विधि का प्रतिपादन मार्शल ने किया था

(d) माँग की लोच छः प्रकार की होती है

11. सीमान्त उपयोग प्रवृति

(a) $MPC = \frac{Y}{C}$

(b) $MPC = \frac{\Delta Y}{\Delta C}$

(c) $MPC = \frac{C}{Y}$

(d) $MPC = \frac{\Delta C}{\Delta Y}$

BiharboardQuestionpaper.com

12. "साम्य वह स्थिति है जिसमें गति की शुद्ध प्रवृत्ति न हो।" यह कथन किनका है ?

(a) बोल्डिंग

(b) स्टिगलर

(c) हिक्स

(d) चैम्बरलिन

13. व्यवस्था की जोखिम सहने के बदले में उद्यमी क्या प्राप्त करता है ?

(a) ब्याज

(b) लगान

(c) मजदूरी

(d) लाभ

14. किसने राष्ट्रीय आय का लेखांकन का पहला प्रयास किया ?

(a) कीन्स

(b) कुजनेट्स

(c) गाडगिल

(d) ग्रेगरी किंग

15. एकाधिकार का माँग वक्र कैसा होता है ?

(a) बेलोचदार

(b) लोचदार

(c) पूर्णतया लोचदार

(d) पूर्णतया बेलोचदार

BiharboardQuestionpaper.com

16. आर्थिक वृद्धि की अवधारणा अर्थशास्त्र में किनके द्वारा प्रस्तुत की गयी ?

(a) एडम स्मिथ

(b) मार्शल

(c) रॉबिन्स

(d) सैम्युलसन

17. पूँजीगत खाता किसके अंतरण से सम्बन्धित है ?

(a) पूँजीगत से

(b) वित्तीय से

(c) परिसम्पत्तियों से

(d) दायित्वों से

18. कुल आय और कुल उपभोग के अनुपात को क्या कहते हैं ?

(a) औसत निवेश प्रवृति

(b) औसत बचत प्रवृत्ति

(c) औसत उपभोग प्रवृत्ति

(d) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति

19. किसने सबसे पहले स्फीतिक अन्तराल की अवधारणा प्रस्तुत की ?

(a) रॉबर्टसन

(b) कीन्स

(c) हाल्म

(d) माल्थस

BiharboardQuestionpaper.com

20. भुगतान संतुलन का घाटा किसके द्वारा ठीक किया जा सकता है ?

(a) आयात प्रतिस्थापन

(b) निर्यात संवर्द्धन

(c) उत्पादन वृद्धि

(d) इनमें से अभी

21. किस बाजार में AR = MR होता है ?

(a) एकाधिकार

(b) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(c) पूर्ण प्रतियोगिता

(d) अल्पाधिकार

22. निम्न में से कौन सही है ?

(a) AR = MR $\left(\frac{e}{e-1}\right)$

(b) MC = MR $\left(\frac{e}{e-1}\right)$

(c) MR = MC $\left(\frac{e}{e-1}\right)$

(d) इनमें से कोई नहीं

23. नरसिम्हम समिति का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किससे है ?

(a) कर सुधार

(b) बैंकिंग सुधार

(c) कृषि सुधार

(d) शिक्षा सुधार

BiharboardQuestionpaper.com

24. बैंकिंग लोकपाल योजना की घोषणा किस वर्ष की गई ?

(a) 1990

(b) 1995

(c) 1997

(d) 2000

25. प्रत्येक बाजार दशा में एक फर्म के संतुलन के लिए कौन-सी शर्त पूरी होनी आवश्यक है?

(a) AR=MC

(b) MR=MC

(c) MC वक्र MR वक्र को नीचे से काटे

(d) (b) और (c) दोनों

26. General Theory of Employment, Interest and Money' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) जे. बी. से

(b) जे. एम. कीन्स

(c) जे. एस. मिल

(d) रिकार्डो

27. कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) MPC + MPS = 0

(b) MPC + MPS < 1

(c) MPC + MPS = 1

(d) MPC + MPS > 1

BiharboardQuestionpaper.com

28. अन्य बातें समान रहें तो वस्तु की कीमत तथा पूर्ति की मात्रा में धनात्मक सम्बन्ध व्यक्त करता है ?

(a) माँग का नियम

(b) पूर्ति का नियम

(c) पूर्ति की लोच

(d) पूर्ति फलन

29. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति निम्न में से कौन है ?

(a) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$

(b) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(c) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(d) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) अल्पकाल में पूर्ति पूर्णत: लोचदार होती हैं।

(b) पूर्ति की लोच की श्रेणियों को तीन भागों में बाँटा जा सकता है।

(c) किसी वस्तु की पूर्ति की लोच उस वस्तु की प्रकृति पर निर्भर नहीं करती है

(d) पूर्ति लोच की माप की दो विधियाँ हैं

31. जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है तब सीमान्त उपयोगिता

(a) धनात्मक होती है

(b) ऋणात्मक होती है

(c) शून्य होती है

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

32. सबसे पहले किसने 'माइक्रो' शब्द का प्रयोग किया ?

(a) मार्शल

(b) बोल्डिंग

(c) कीन्स

(d) रेगनर फ्रिश

33. किस अर्थव्यवस्था में कीमत तंत्र के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं ?

(a) समाजवादी

(b) पूँजीवादी

(c) साम्यवादी

(d) मिश्रित

34. निम्नलिखित में से किसके अनुसार "मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों और समस्त अर्थव्यवस्था चक्कर लगाती है" ?

(a) कीन्स

(b) रॉबर्टसन

(c) मार्शल

(d) हाट्रे

35. एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य होता है

(a) अधिकाधिक उत्पादन

(b) आर्थिक स्वतंत्रता

(c) मुनाफा कमाना

(d) अधिकतम लोक कल्याण

BiharboardQuestionpaper.com

36. निवेश गुणक क्या होगा यदि सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.2 हो ?

(a) 200

(b) 5

(c) 2

(d) 1.20

37. निम्न में कौन समाजवादी अर्थव्यवस्था की विशेषता नहीं है ?

(a) सामाजिक स्वामित्व

(b) आर्थिक स्वतंत्र

(c) प्रतियोगिता की अनुपस्थिति

(d) इनमें से कोई नहीं

38. 'अर्थशास्त्र का अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र में किस वर्ष विभाजित हुआ ?

(a) 1930

(b) 1933

(c) 1931

(d) 1935

39. जब किसी अर्थव्यवस्था का संबंध किसी दूसरे देश से हो, तो उसे क्या कहा जाता है?

(a) खुली अर्थव्यवस्था

(b) बन्द अर्थव्यवस्था

(c) आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था

(d) मिश्रित अर्थव्यवस्था

BiharboardQuestionpaper.com

40. निम्नांकित में से कौन संकुचित मुद्रा है

(a) $M_1$

(b) $M_2$

(c) $M_3$ एवं $M_4$

(d) $M_1$ एवं $M_2$

41. सट्टा के उद्देश्य से मुद्रा की माँग किस पर निर्भर करती है ?

(a) राष्ट्रीय आप

(b) मूल्य स्तर

(c) बाजार व्याज दर

(d) व्यय

42. गुणक $\frac{1}{1-C}$ में C क्या है ?

(a) उपभोग

(b) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति

(c) उपभोग का जीवन निर्वाह स्तर

(d) पूँजी

43. निम्न में से किसने एकाधिकारी प्रतियोगिता की धारणा को दिया ?

(a) हिक्स

(b) चैम्बरलीन

(c) श्रीमती रॉबिन्सन

(d) सैम्युलसन

BiharboardQuestionpaper.com

44. भुगतान संतुलन में असंतुलन का निम्न में से कौन आर्थिक कारण है

(a) अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

(b) राजनीतिक अस्थिरता

(c) व्यापार चक्र

(d) इनमें से कोई नहीं

45. दृश्य मदों के अन्तर्गत किसे शामिल किया जाता है ?

(a) बैंकिंग

(b) सूचना

(c) मशीन

(d) बीमा

46. निम्नांकित में से कौन-सी वस्तु किसी देश के भुगतान संतुलन में चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में दर्ज की जाएगी ?

(a) विदेश से ऋण

(b) मशीनरी का आयात

(c) चाय का निर्यात

(d) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?

(a) लेखा की दृष्टि से भुगतान शेष सदैव सन्तुलन की दशा में रहता है

(b) निजी ऋण का भुगतान पूँजी खाते को देनदारी प्रविष्टि में आता है

(c) अदृश्य मदों के अन्तर्गत कपड़ा और मशीन को शामिल किया जाता है

(d) व्यापार शेष में दृश्य मदें सम्मिलित होती हैं

BiharboardQuestionpaper.com

48. रोजगार गुणक सिद्धान्त के जनक कौन थे ?

(a) कीन्स

(b) काहन

(c) हेन्सेन

(d) मार्शल

49. उत्पत्ति हास नियम लागू होने के मुख्य कारण कौन-सा है ?

(a) साधनों की सीमितता

(b) साधनों का अपूर्ण स्थानापन्न

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

50. किसी वस्तु में मानवीय आवश्यकता की पूर्ति की क्षमता को कहते हैं इसकी

(a) उत्पादकता

(b) सन्तुष्टि

(c) उपयोगिता

(d) लाभदायकता

51. निम्नलिखित में से किसके अनुसार "मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करे" ?

(a) हार्टले विदर्स

(b) हाट्रे

(c) प्रो. थामस

(d) कीन्स

BiharboardQuestionpaper.com

52. निम्नलिखित में से कौन-सा मुद्रा का कार्य नहीं है ?

(a) विनिमय का माध्यम

(b) कीमत स्थिरता

(c) मूल्य संचय

(d) लेखा की इकाई

53. मुद्रा के स्थैतिक एवं गत्यात्मक कार्यों का विभाजन किसने किया ?

(a) रैगनर फ्रिश

(b) पॉल ऐंजिग

(c) मार्शल

(d) हाट्रे

54. दीर्घकालीन उत्पादन फलन का सम्बन्ध निम्न में से किससे है ?

(a) माँग के नियम

(b) उत्पत्ति वृद्धि नियम

(c) पैमाने का प्रतिफल नियम

(d) माँग की लोच

55. उत्पादन का सक्रिय साधन है

(a) पूँजी

(b) श्रम

(c) भूमि

(d) संगठन

BiharboardQuestionpaper.com

56. साख गुणक होता है

(a) $\frac{1}{CRR}$

(b) नकद + $\frac{1}{CRR}$

(c) नकद + CRR

(d) इनमें से कोई नहीं

57. निम्नलिखित में से कौन स्थिर लागत नहीं है ?

(a) बीमे का प्रीमियम

(b) ब्याज

(c) कच्चे माल की लागत

(d) फैक्ट्री का किराया

Biharboard Questionpaper.com

58. जब औसत लागत घट रही हो तो सीमान्त लागत, औसत लागत की तुलना में क्या होती है ?

(a) MC > AC

(b) MC = AC

(c) MC < AC

(d) इनमें से कोई नहीं

59. भारतीय रिजर्व बैंक है

(a) केन्द्रीय बैंक

(b) व्यापारिक बैंक

(c) सहकारी बैंक

(d) ग्रामीण बैंक

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

60. मुद्रा पूर्ति का नियमन कौन करता है ?

(a) भारत सरकार

(b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(c) व्यापारिक बैंक

(d) योजना आयोग

61. निम्नांकित में से कौन वस्तु कर नहीं है ?

(a) जी एस टी

(b) उत्पाद शुल्क

(c) वैट

(d) आयकर

62. बचत और आय के संबंध को क्या कहते हैं ?

(a) उपभोग फलन

(b) निवेश फलन

(c) बचत फलन

(d) इनमें से सभी

63. कॉफी के मूल्य में वृद्धि होने से चाय की माँग

(a) बढ़ती है

(b) स्थिर रहती है

(c) घटती है

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

64. अक्षों के केन्द्र से निकलने वाली पूर्ति रेखा की लोच होती है।

(a) इकाई से कम

(b) इकाई से अधिक

(c) इकाई के बराबर

(d) शून्य के बराबर

65. स्थिर मूल्य पर आकलित सकल राष्ट्रीय उत्पाद क्या है ?

(a) वास्तविक GNP

(b) वास्तविक GDP

(c) मुद्रा GNP

(d) इनमें से कोई नहीं

66. भारत में बैंकिंग क्षेत्र सुधार किस वर्ष प्रारम्भ हुआ ?

(a) 1969

(b) 1981

(c) 1991

(d) 2001

67. बजट की अवधि क्या होती है ?

(a) वार्षिक

(b) दो वर्ष

(c) पाँच वर्ष

(d) दस वर्ष

BiharboardQuestionpaper.com

68. भुगतान संतुलन की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता है ?

(a) क्रमबद्ध लेखा रिकार्ड

(b) निश्चित समय अवधि

(c) व्यापकता

(d) इनमें से सभी

69. एक खुली अर्थव्यवस्था में सामूहिक माँग का संघटक कौन है ?

(a) उपभोग

(b) निवेश

(c) उपभोग + सरकारी व्यय

(d) उपभोग + निवेश + सरकारी व्यय + शुद्ध निर्यात

70. महामंदी किस वर्ष आई ?

(a) 1919

(b) 1929

(c) 1939

(d) 1949

71. निम्न में से कौन अप्रत्यक्ष कर है ?

(a) आयकर

(b) सम्पत्ति कर

(c) निगम कर

(d) बिक्री कर

BiharboardQuestionpaper.com

72. निम्न में से कौन प्राथमिक घाटे की सही माप है ?

(a) राजकोषीय घाटा - राजस्व घाटा

(b) राजस्व घाटा - ब्याज भुगतान

(c) राजकोषीय घाटा - ब्याज भुगतान

(d) पूँजीगत व्यय - राजस्व व्यय

73. तरलता पाश में ब्याज दर का क्या मान रहता है ? -

(a) औसत

(b) न्यूनतम

(c) ऊँचा

(d) कम

74. उदासीनता वक्र की क्या ढाल होती है ?

(a) धनात्मक

(b) ऋणात्मक

(c) शून्य

(d) इनमें से कोई नहीं

75. निम्नांकित में से किस बाजार में मूल्य कम और उत्पादन अधिक होता है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) अल्पाधिकार

(c) एकाधिकार

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

76. सीमान्त उपयोगिता हास नियम के प्रतिपादक कौन थे ?

(a) गोसेन

(b) एडम स्मिथ

(c) चैपमैन

(d) हिक्स

77. जब सीमान्त उपयोगिता नियम को कहा जाता है

(a) उपयोगिता वृद्धि नियम

(b) उपयोगिता ह्रास नियम

(c) प्रतिस्थापन का नियम

(d) इनमें से कोई नहीं

78. उत्पादन विधि द्वारा घरेलू उत्पाद की गणना में किसे जोड़ा जाता है ?

(a) उत्पादन को

(b) वर्धित मूल्य को

(c) आप को

(d) व्यय को

79. "Economic Consequences of the Peace" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) कीन्स

(b) एडम स्मिथ

(c) रिकार्डो

(d) मिल

BiharboardQuestionpaper.com

80. यदि सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.2 हो तो सीमान्त बचत प्रवृत्ति क्या होगी ?

(a) 0.8

(b) 0.2

(c) 0.4

(d) -0.2

81. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टॉक है ?

(a) आय

(b) निवेश

(c) लाभ

(d) सम्पत्ति

82. कौन समष्टि अर्थशास्त्र के अध्ययन का विषय है ?

(a) राष्ट्रीय आय का सिद्धान्त

(b) उपभोग का सिद्धान्त

(c) उत्पादन का सिद्धान्त

(d) इनमें से कोई नहीं

83. किसने कहा कि "अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है" ?

(a) मार्शल

(b) रॉबिन्स

(c) एडम स्मिथ

(d) जे. के. मेहता

BiharboardQuestionpaper.com

84. निम्नलिखित में से कौन उत्पत्ति का साधन नहीं है ?

(a) भूमि

(b) श्रम

(c) मुद्रा

(d) पूँजी

85. चार क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल के चक्रीय प्रवाह में सन्तुलन के लिए शर्त निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) C + 1

(b) C + I + G

(c) C + I + G + (X-M)

(d) इनमें से कोई नहीं

86. तृतीयक क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न में से कौन-सी सेवा सम्मिलित है ?

(a) कृषि

(b) संचार

(c) खनन

(d) निर्माण

87. सीमान्त अवसर लागत निम्न में से कौन है ?

(a) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(b) $\frac{\Delta Y}{\Delta X}$

(c) $\frac{MUX}{MUY}$

(d) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$

BiharboardQuestionpaper.com

88. उस वक्र का नाम बताएँ जो आर्थिक समस्या दर्शाता है

(a) उत्पादन वक्र

(b) माँग वक्र

(c) उदासीनता वक्र

(d) उत्पादन सम्भावना वक्र

89. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?

(a) जी. एन. पी. (GNP) एक राष्ट्रीय अवधारणा है

(b) स्थायी पूँजी के उपभोग को मूल्य ह्रास कहते हैं।

(c) प्रयोज्य आय = निजी आय- प्रत्यक्ष कर

(d) NDP $_{FC}$ की गणना में अनुदान जोड़ा जाता है।

90. किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष के अन्तर्गत उत्पादित अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं के बाजार मूल्य को कहते हैं

(a) कुल राष्ट्रीय उत्पाद

(b) राष्ट्रीय आप

(c) कुल घरेलू उत्पाद

(d) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

91. $e_s$ = 0 का अर्थ है कि पूर्ति की लोच

(a) पूर्णत: लोचदार है

(b) पूर्णतः बेलोचदार है

(c) कम लोचदार है

(d) इकाई लोचदार है

BiharboardQuestionpaper.com

92. अवस्फीतिक अन्तराल माप बताता है।

(a) न्यून माँग

(b) आधिक्य माँग

(c) पूर्ण सन्तुलन

(d) इनमें से कोई नहीं

93. अतिरेक माँग होने के निम्नलिखित में कौन से कारण है ?

(a) सार्वजनिक व्यय में वृद्धि

(b) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि

(c) करों में वृद्धि

(d) (a) और (b) दोनों

94. समरूप उत्पाद विशेषता है।

(a) केवल पूर्ण प्रतियोगिता की

(b) केवल पूर्ण अल्पाधिकार की

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

95. किस बाजार में फर्म का माँग वक्र पूर्ण लोचदार होता है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकार

(c) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(d) अल्पाधिकार

BiharboardQuestionpaper.com

96. किस राजकोषीय उपाय के अन्तर्गत न्यून माँग को सही करने हेतु नहीं किया जाता है?

(a) सार्वजनिक व्यय

(b) करारोपण

(c) सार्वजनिक ऋण

(d) बैंक दर

97. निम्नलिखित में से किसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया में समय तत्व का विचार प्रस्तुत किया ?

(a) रिकार्डो

(b) वालरस

(c) मार्शल

(d) पीगू

98. पूर्ण प्रतियोगिता में किसी वस्तु का मूल्य निर्धारित होता है।

(a) मोल-भाव द्वारा

(b) उत्पादन लागत द्वारा

(c) सीमान्त उपयोगिता द्वारा

(d) माँग एवं पूर्ति द्वारा

99. भारत में एक रुपया का नोट कौन जारी करता है ?

(a) भारतीय रिजर्व बैंक

(b) भारतीय स्टेट बैंक

(c) भारत सरकार का वित्त मंत्रालय

(d) विश्व बैंक

BiharboardQuestionpaper.com

100. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्व प्राप्ति नहीं है ?

(a) ऋणों की वसूली

(b) विदेशी अनुदान

(c) सार्वजनिक उपक्रम के लाभ

(d) सम्पत्ति कर

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 40-50 शब्दों में लिखें।

1. नकद कोषानुपात और सांविधिक तरलता अनुपात में अंतर स्पष्ट करें।

2. व्यापारिक बैंक के दो कार्यों को बताइए।

3. विधिग्राह्य मुद्रा क्या है ?

4. माँग के आवश्यक तत्व बताइए।

5. उदासीनता वक्र क्या है ?

6. आर्थिक क्रिया को स्पष्ट कीजिए।

7. उपयोगिता से आप क्या समझते हैं ?

8. लागत फलन क्या है ?

9. चक्रीय प्रवाह में क्षरण क्या है ?

10. प्राथमिक क्षेत्र तथा द्‌वितीयक क्षेत्र में अंतर स्पष्ट करें।

11. हस्तान्तरण भुगतान क्या है ?

12. वैयक्तिक प्रयोज्य आय क्या है ?

13. अतिरेक माँग के दो प्रमुख कारण क्या है ?

14. उपभोग एवं आय में क्या सम्बन्ध है ?

BiharboardQuestionpaper.com

15. प्रेरित निवेश क्या है ?

16. संतुलन कीमत की परिभाषा दीजिए।

17. पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

18. व्यक्तिगत पूर्ति तथा बाजार पूर्ति में अंतर स्पष्ट कीजिए।

19. अवसर लागत क्या है ?

20. माँग की लोच कब इकाई होती है ?

21. माँग फलन क्या है ?

22. सम-विच्छेद बिन्दु क्या है ?

23. कुल आगम कब घटना प्रारम्भ कर देती है ?

24. उत्पादन फलन को परिभाषित कीजिए।

25. 'बजट रेखा' क्या है ?

26. GST क्या है ?

27. राजकोषीय नीति के उपकरणों का उल्लेख करें।

28. भुगतान शेष की परिभाषा दीजिए।

29. प्रत्यक्ष कर की परिभाषा दीजिए।

30. मौद्रिक नीति क्या है ?

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। अपना उत्तर प्रत्येक 100-120 शब्दों में दें।

31. व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में क्या अन्तर है ?

32. कुल आगम, औसत आगम और सीमान्त आगम की व्याख्या कीजिए।

33. माँग क्या है ? माँग के निर्धारक तत्वों को समझाइए ।

34. एक द्वि-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में आय का चक्रीय प्रवाह समझाइए।

BiharboardQuestionpaper.com

35. पूर्ण प्रतियोगिता क्या है ? पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ बताइए।

36. अतिरेक माँग क्या है ? उत्पाद और कीमतों पर इसका क्या प्रभाव होता है ?

37. भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के कौन-कौन से उपकरण हैं ?

38. लोचशील विनिमय दर प्रणाली के गुण तथा दोषों का वर्णन करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..